# एफिल टावर से हुआ UPI का लॉन्च

[स्रोत: द हिंदू]

हाल ही में **यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI)** को औपचारिक रूप से **पेरिस, फ्राँस** में प्रतिष्ठित **एफिल टॉवर** में भारत के **गणतंत्र दिवस** समारोह के समय लॉन्च किया गया था।

- यह आयोजन **UPI के वैश्वीकरण** और **डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने** की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।
- वर्ष 2016 में **भारतीय राष्ट्रीय भुगतान प्रणाली (National Payment Corporation of India- NPCI)** द्वारा विकसित, UPI एक त्वरित भुगतान प्रणाली है जो कई बैंक खातों को एक ही मोबाइल एप्लीकेशन में एकीकृत करती है, जो विभिन्न **बैंकिंग कार्यों, फंड ट्रांसफर और व्यापारी भुगतान को सरल** बनाती है।
- NPCI की सहायक कंपनी, **NPCI इंटरनेशनल पेमेंट्स और फ्राँस की लाइरा कलेक्ट (Lyra Collect)** के बीच साझेदारी से फ्राँस तथा यूरोप में UPI शुरू करने के लिये एक समझौता हुआ है।

**और पढ़ें:** यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/upi-goes-global-from-eiffel-tower